भारत सरकार - रेल मंत्रालय
अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन
लखनऊ - 226 011
EPBX (0522) 2451200
Fax (0522) 2458500

Government of India-Ministry of Railways
Research Designs & Standards Organisation
Lucknow - 226 011
DID (0522) 2450115
DID (0522) 2465310

## प्रेस विज्ञप्ति

## हिंदी पखवाड़े के दौरान श्री रामधारी सिंह 'दिनकर' जी की जयंती तथा तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन

आरडीएसओ लखनऊ में अनुसंधान भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में दिनांक 23.09.2024 को श्री रामधारी सिंह 'दिनकर' जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा ने राष्ट्र कवि श्री 'दिनकर' जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साहित्य के माध्यम से देश एवं समाज को उनके द्वारा दिये गए योगदान पर संगठन के कार्मिकों ने अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए। तत्पश्चात तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के तकनीकी रूप से प्रवीण कार्मिकों ने 'भारतीय रेल में गुणवत्ता का महत्व सर्वोपरि, तथा 'राष्ट्रीय एकता में हिंदी भाषा और भारतीय रेल की भूमिका' विषयों पर अपनी तकनीकी प्रस्तुतियां दी, जिससे सभी लाभान्वित हुए। उपस्थित लोगों को रेल संबंधित तकनीकी क्रिया-विधि को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। तकनीकी प्रस्तुति के दौरान, वहाँ उपस्थित लोगों ने अपनी रूचि प्रदर्शित करते हुए प्रस्तुतकर्ताओं से प्रश्न भी किए तथा इस ज्ञान-वर्धक कार्यक्रम की सराहना भी की।

---

सं. पीआर/पब्लिसिटी/24/49 दिनाँक:23.09.2024

कृपया उपरोक्त समाचार को फोटोग्राफ सहित अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें।

23/09/2024

कृते कार्यकारी निदेशक/प्रशासन

सेवा में,

सम्पादक

--------------------